शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना

शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना,
शिव परमेष्वर शिव रामेश्वर,
शिव नागेश्वर ॐ कारेश्वर महाकालेश्वर सब के ईश्वर,
शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना

शिव शम्भू भोले शंकर की महिमा जिसने जानी,
उस घर में दुःख कभी नहीं आते होती कभी न हानि,
शिव है दाता भाग्ये विद्याता मुक्ति पाए जो दर आता,
इक लोटा जल इनपे चढ़ाता,
शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना

भव सागर में डूब ती नइया शिव ही पार लगाते,
ऐसे है भोले भंडारी घर घर धन बरसाते,
सब के प्यारे नाथ हमारे पालनहारे सबके सहारे,
गूंज रहे शिव के जैकारे,
शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना

इक लौटा जल से खुश होक झोली भर देते है,
आक धतूरा जो भी चढ़ाये दुःख सब हर लेते है,
ब्रह्मा को वेद दिये रावण को लंका,
तीनो लोको में शिव का डंका
शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना

दुनिया वालो शिव को मना लो,
सोये भाग जगा लो,
समय बड़ा अनमोल है भक्तो व्यर्थ न इनसो तालो,
करुणाकर शिव डमरू दर शिव करलो नमन शीश झुका कर,
शिव जी का नाम सुबह शाम भक्तो रटते रहना

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8886/title/shiv-ji-ka-naam-subho-sham-bhkto-rat-te-rehna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |